BSES
BSES Yamuna Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

संवाद

Wishing you a Happy New Year 2019

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

जनवरी - 2019

सीईओ संदेश

प्रिय उपभोक्ता,

नमस्कार और आपको व आपके परिवार के सदस्यों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं!

बीवाईपीएल में, हम वर्ष–दर–वर्ष अपनी उपभोक्ता–सेवाओं में निरंतर सुधार की कोशिशों में लगे रहते हैं। हमें, आपको यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष भी हम अपने इस लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहे हैं। 2018 के दौरान, हम बिजली आपूर्ति में विश्वसनीयता सूचकांक के उच्चतम स्तर यानी 99.92 प्रतिशत पर पहुंचने में कामयाब हुए। इसका अर्थ यह हुआ कि ग्राहकों को 99.92 प्रतिशत समय बिजली उपलब्ध रही। बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों में गिरावट और मीटर व बिल से संबंधी नगण्य शिकायतें भी इस बात को रेखांकित करती हैं कि हमारी उपभोक्ता सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है।

उपभोक्ता सेवाओं में लगातार सुधार के प्रयासों के तहत, हमने कई नई सेवाएं लॉन्च की हैं। इनमें एक टोल फ्री नंबर (19122), स्वतः पहचान करने व सूचना प्रदान करने की क्षमता रखने वाला एक बेहतर आईवीआर सिस्टम और एक अत्याधुनिक मोबाइल ऐप शामिल हैं। इसके अलावा, कंपनी ने अपनी वेबसाइट www.bsesdelhi.com को नए लुक और आसान नेवीगेशन के साथ फिर से लॉन्च किया है। वर्ष के दौरान, कंपनी ने बिल तथा मीटर के बारे में जानकारियों से भरपूर फिल्में भी यूट्यूब व फेसबुक पर अपलोड कीं, ताकि उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल की सामग्रियों और मीटर की कार्यप्रणालियों के बारे में जागरूकता लाई जा सके।

उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल के भुगतान को और आसान बनाने के लिए, कंपनी ने पेटीएम, फोनपे, गूगल पे, एनईएफटी, आदि जैसे डिजिटल भुगतान माध्यमों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हर माह हमारे 58 प्रतिशत उपभोक्ता इन सुविधाजनक माध्यमों का लाभ उठा रहे हैं।

नव वर्ष के अवसर पर, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि अपने उपभोक्ता–केंद्रित दृष्टिकोण को जारी रखते हुए, हम साल 2019 में भी कई उपभोक्ता–फ्रेंडली सेवाएं लॉन्च करेंगे।

एक बार फिर, आपको और आपके परिवार के सदस्यों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका स्नेहभाजन,

पी.आर. कुमार

बीवाईपीएल अब दुनिया की 15 शीर्ष बिजली कंपनियों में

आपकी डिस्कॉम बीवाईपीएल को न सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जा रहा है। हाल ही में संपन्न प्लैट्स ग्लोबल एनर्जी अवॉर्ड्स में बीवाईपीएल ने दुनिया के 15 टॉप फाइनलिस्ट्स में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की। इस पुरस्कार को बिजली सेक्टर का ऑस्कर अवॉर्ड कहा जाता है।

केंद्रीय उर्जा मंत्रालय की ओर से बीवाईपीएल को मिला प्रथम पुरस्कार

बीवाईपीएल को साल 2018 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उसे डिस्कॉम श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला है।

ऊर्जा मंत्रालय की ओर से गठित यह पुरस्कार बीवाईपीएल को माननीया लोक सभा अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा महाजन और माननीय केंद्रीय ऊर्जा, नवीन व अक्षय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री आरके सिंह ने प्रदान किया।

दूसरे स्थान पर दक्षिण गुजरात डिस्कॉम रही और बीआरपीएल तथा साउथको, आन्ध्रा को अप्रिशिएशन अवॉर्ड मिला।

15 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों में कनेक्शन के लिए फायर क्लियरेंस सर्टिफिकेट जरूरी

15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले भवन में बिजली का नया कनेक्शन लेने के लिए आवेदक के पास फायर क्लियरेंस सर्टिफिकेट होना चाहिए। यह डीईआरसी नियमावलियों तथा दिल्ली के मास्टर प्लान के भवन उपनियमों के तहत आवश्यक है।



डीईआरसी (सप्लाई कोड एंड परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स) रेगुलेशंस, 2017 के मुताबिक, लगातार तीन बिलिंग साइकल की अवधि के बाद, लाइसेंसी बिल की हार्ड कॉपी यानी कागज वाले बिल की डिलिवरी रोक सकता है।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032,
सीआईएन: CIN:U40109DL2001PLC111525
फोन: 11-399-97-111/399-99-273
ईमेल: bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

टॉल फ्री 24x7 19122 | कॉल 24x7 011-399 99 808 | एसएमएस 5616108 | बिजली चोरी संबंधी 8588892156 / बिजली गुल की शिकायत 8745999808 | स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित